कार्यकताओं ने डॉ. शर्मा का केक काटकर और तलवार की भेंट कर जन्मदिन मनाया

मुकुंदगढ़ कस्बे के आदर्श स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित शिविर में 289 यूनिट रक्तदान

मुकुंदगढ़, (निसं)। कस्बे के आदर्श स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को नवलगढ विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 9 बजे शाम 6 बजे तक आयोजित हुआ। शिविर में 3 टीमों ने 289 यूनिट रक्त संग्रहण किया।

रक्तदाताओं में डॉ. शर्मा ने प्रमाण पत्र प्रतीक चिह्न देकर हौंसला अफ़जाई किया। शिविर में मुकुंदगढ नगरपालिका अध्यक्ष मनीष चौधरी व दिलीप मीणा ने 51- 51 किलो की फूल माला पहनाकर स्वागत किया। जन्मदिन के अवसर पर समर्थकों ने केक काटकर व शर्मा को तलवार भेंट की। डॉ. शर्मा ने रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए कहा रक्तदान पुण्य का काम है। आपकी एक यूनिट रक्त ना जाने किस मोड पर किस इंसान के काम आ जाए। आपकी एक यूनिट किसी की जिंदगी बचा

मुकुंदगढ़ कस्बे के आदर्श स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित रक्तदान शिविर समारोह को नवलगढ़ विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा ने संबोधित किया।

■ रक्तदाता से बड़ा कोई सेवादार नहीं : डॉ. शर्मा

सकती है। रक्तदाता से बड़ा कोई सेवक नहीं हो सकता।

इस मौके पर प्रधान दिनेश सुंडा, पालिकाध्यक्ष नवलगढ़ शोयब खत्री, पालिका उपाध्यक्ष कैलाश चोटिया, सुभिता सीगड, पूर्व पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण सैनी, पार्षद प्रमोद पचलंगिया, अशोक बेरवाल, प्रेम गुर्जर, कपिल सैनी, सीपी जांगिड, सीताराम सैनी, नरोत्तम चेजारा, रज्जाक रंगरेज, आर्य भाटी, हारून चोबदार, संदीप चाहर, महेंद्र दादरवाल, रामनिवास, बाबू रंगरेज, जावेद, इकबाल, साहिब, दयाशंकर पोरवाल, जितेंद्र चौधरी, मनीष डोटासरा, इकबाल खोकर, जुबेर, अरविंद चौबे, बिलाल खत्री, रामनिवास, आकाश बेदवाल, रफीक तगादा, राजेश मिश्रा, सरपंच मणिराम झूरिया, जगदीश पूनियां, सुरेश पूनियां, मनोज गोयल, अरविंद देवड़ा, मनोज पोरवाल, सुरेश शर्मा, मुकेश पोरवाल, श्यामसुंदर टेलर, पंडित आदित्य नारायण सुरोलिया, सुखराम कसेरू सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

किसान गर्जना रैली के पोस्टर का विमोचन

किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 19 दिसम्बर को रामलीला मैदान दिल्ली में किसान गर्जना रैली के पोस्टर का विमोचन करते भारतीय किसान संघ तहसील राजगढ एवं सिद्धमुख के कार्यकर्तागण।

सादुलपुर, (निसं)। भारतीय किसान संघ तहसील राजगढ एवं सिद्धमुख की संयुक्त बैठक तहसील अध्यक्ष भरतलाल एवं गौविन्द गौड की संयुक्त अध्यक्षता में सुराणा भवन सादुलपुर में हुई।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद धारणिया, प्रान्त कोषाध्यक्ष श्रीचन्द सिद्ध, मुकेश रामपुरा जिलाध्यक्ष, शीशराम प्रजापत जिला मंत्री एवं कौशल पूनियां पूर्व जिला अध्यक्ष विद्यार्थी परिषद द्वारा उद्बबोधन दिया गया एवं 19 दिसम्बर को रामलीला मैदान दिल्ली में किसान गर्जना रैली के लिए दोनों तहसीलों के तहसील संयोजक, सह संयोजक राजगढ में संयोजक रामबिलाश कांधराण, सहसंयोजक अनिल भाकर सिद्धमुख में विनोद खण्डेलवाल व लोकराम भादु सहसंयोजक एवं पंचायतों के प्रभारी नियुक्त किये गये तथा राजगढ तहसील के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से मिठू सिंह भोजाण को नियुक्त किया एवं भरतलाल शर्मा को जिला कार्यकारिणी में नियुक्त किया गया है। दोनों तहसीलों के अध्यक्षों एवं संयोजकों से 10 बजे दिल्ली ले जाने का निर्णय लिया है।

गौरतलब है कि किसान गर्जना रैली फसलों का लागत आधारित लाभकारी मूल्य देने, कृषि आदानों पर से जीएसटी हटाने, प्रधानमंत्री किसान सम्माननिधि राशी बढाने की माँग एवं हर खेत को सिंचाई का पानी देने की माँग मुख्य माँगे हैं। बैठक में देवीलाल जोशी, लोकराम भादु, अंजनी कुमार, बलवीर ढाणा, सत्यनारायण, मोहनलाल, नत्थूराम मान्जू गालड, ईश्वर महला, भूपसिंह, रणजीत सिंह, मघाराम, शंकरलाल सैनी, रामसिंह, रामपत स्वामी, सुरेन्द्र, पुरूषोतम पारीक, जितेन्द्र सैनी, हेमंत गोस्वामी, हनुमान स्वामी, प्रताप बेनिवाल, कृष्ण देव, रजनीश सिंह, निरज गोस्वामी, लीलाधर, जगदीश मेघवाल, बलवीर मेघवाल, सत्यप्रकाश सैनी आदि उपस्थित थे।

बाल मेले के रूप में बड़े धूमधाम से मनाया बाल दिवस

शहर के अशोक स्तंभ के पास स्थित आर्या पब्लिक स्कूल में बाल दिवस मनाया गया।

रतनगढ़, (निसं)। शहर के अशोक स्तंभ के पास स्थित आर्या पब्लिक स्कूल में सोमवार को बाल दिवस के उपलक्ष में बाल मेले का आयोजन किया गया। बाल मेले का शुभारंभ पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोषबाबू इन्दोरिया, समाजसेवी उम्मेद मिश्रा ओमप्रकाश बबेरवाल संस्था के निदेशक अंम्बिका प्रसाद हारित ने फीता काटकर उद्घाटन किया। बाल मेले में बच्चों द्वारा खाने-पीने सहित अनेक प्रकार की मनमोहक प्रस्तुति एवं शिक्षाप्रद ज्ञानवर्धक स्टॉले लगाई।

इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने भी मेले में स्टालों पर पैसे देकर खाया पिया। इस दौरान बच्चों में भी काफी उत्साह देखने को मिला, इस मौके पर संस्था प्रधान अंम्बिका तिवाड़ी ने बाल मेले को लेकर बालकों की हौंसला अफजाई की ओर उनका उत्साहवर्धन किया। स्कूल के बच्चों और स्कूल के पूरे स्टाफ ने बाल मेले के आयोजन में अपनी भागीदारी निभाई। इस अवसर पर संस्था के सचिव डॉ अनुराग हारित, अमित कुमार भुडाढरा सहित अन्य शिक्षकों एवं समाजसेवियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। बाल मेले का उद्देश्य शिक्षा के साथ बच्चों में महापुरुष के प्रति श्रद्धा भाव उत्पन्न करना और उनमें कौशल विकास पैदा करना था।

मेले में मुख्य बात है अभी देखी गई कि बच्चों में खाने की मात्रा के अनुसार ही वस्तु ख़रीदीं और झूठन भी नहीं छोड़ी गई अत: हमें इस बाल मेले से शिक्षा मिलती है कि शादी समारोह में हमें उसी मात्रा में खाना लेना चाहिए ताकि झूठन न हो और खाने का अपमान ना हो यह जानकारी छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा दी गई। बाल मेले में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भजन गायिका रानी बैरासरिया का निधन

सादुलपुर, (निसं)। भजन गायिका एवं क्षेत्र की अग्रणी महिला कार्यकर्ता प्रमोद रानी बैरासरिया का हिसार के एक निजी अस्पताल में उपचार के मौत होने पर कस्बे में शोक की लहर है। इसी दौरान प्रमोद रानी के निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर छा गई और सोशल मीडिया पर तो श्रद्धांजलि का तांता लग गया। वहीं मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। गौरतलब है कि भजन गायिका प्रमोद रानी बैरासरियां पिछले 11 दिन से अस्वस्थ होने के कारण हिसार के एक निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। जिन्होंने उपचार के दौरान हिसार में सोमवार की देर रात्रि को अंतिम सांस लेते हुए दुनिया को अलविदा कह दिया। गौ सेवा प्रभात फेरी कीर्तन मंडल के संस्थापक व धार्मिक प्रवृत्ति वाली मिलनसार व्यवहार वाली प्रमोद रानी की अंतिम यात्रा में कांग्रेस के पूर्व विधायक नंदलाल पूनियां, बसपा नेता पूर्व विधायक मनोज न्यांगली, पूर्व चेयरमैन जगदीश बैरासरिया, हरियाणा प्रांतीय व्यापार संघ के अध्यक्ष बजरंग गर्ग, संयुक्त व्यापार समिति के अध्यक्ष पवन मोहता, भगेला निवासी दिल्ली के उद्योगपति रामकुमार अग्रवाल, पार्षद राहुल पारीक, पार्षद हैदर अली, गायक श्याम मुरारी शर्मा एवं उपेन्द्र पांडिया, शहर के चिकित्सकों सहित सैंकडों नागरिक उनकी शवयात्रा में शामिल हुए।

चुनावों के दौरान मतदान दलों की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण: सिहाग

चूरू, (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने कहा है कि चुनावों के दौरान मतदान दलों की भूमिका सर्वाधिक

■ सरदारशहर विधानसभा चुनाव अंतर्गत चूरू, तारानगर व सुजानगढ़ में हुआ पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण

महत्त्वपूर्ण होती है। इसलिए मतदान दलों से जुड़े पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी बेहतर ढंग से अपना प्रशिक्षण लेकर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाएं।

जिला कलेक्टर मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय विधि महाविद्यालय में सरदारशहर विधानसभा उप चुनाव अंतर्गत आयोजित पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों प्रथम के प्रशिक्षण को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हालांकि अधिकतम कार्मिक चुनावों के अनुभवी हैं तथा

जिला कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ सिहाग ने पीठासीन अधिकारियों के प्रशिक्षण को संबोधित किया। बजरंग सैनी

अनेक चुनाव संपन्न करवा चुके हैं। फिर भी प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और प्रत्येक बिंदु पर एकदम स्पष्ट रहें। किसी प्रकार का असमंजस हो तो उसे प्रशिक्षण के दौरान ही क्लीयर कर लें। मतदान प्रक्रिया एकदम निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शितापूर्ण होने के साथ.साथ त्रुटिरहित संपन्न होए यह आपका दायित्व है। सभी कार्मिक कोविड रोधी बूस्टर डोज लगवाया जाना सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक उप चुनाव को गंभीरता से लें और पूरी सतर्कताए सजगता एवं सक्रियता के साथ अपना दायित्व निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया के दौरान मतदान दलों को न केवल निष्पक्ष रहना हैए अपितु उनकी यह निष्पक्षता दिखनी भी चाहिए। सीईओ पीआर मीणा ने भी प्रशिक्षण के दौरान आवश्यक निर्देश दिए।

विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ने सभी कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की और बारीकी से एक.एक प्रक्रिया पर चर्चा कर अवगत करवाया। इस दौरान एसडीएम निखिल कुमार, तहसीलदार धीरज झाझड़िया, विधि महाविद्यालय प्राचार्य श्रवण सैनी, डॉ जेबी खान, सोमेश शर्मा, बजरंग सैनी, खालिद तुगलक, हवासिंह, दलीप सरावग सहित संबंधित अधिकारीए प्रशिक्षणए पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम मौजूद थे।

छात्रों को पिलाई स्वर्णप्रासन की दवा

उदयपुरवाटी, (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जमात के छात्रों को पुष्य नक्षत्र के योगकाल में तीन नंबर चुंगी स्तिथ यहां के राजकीय आयुर्वेद औषधालय के वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साअधिकारी डॉ.राजेंद्र कुमावत के नेतृत्व में दो बूंद स्वर्णप्रासन की पिलाई गई और इसके महत्व के बारे में बताते हुए डॉ. ने कहा की यह आयुष मंत्रालय के निर्देशित प्रोटोकॉल में शुरू की गई एक निरापद दवा है जो विशिष्ठ रसायनों के योग से तैयार की जाती हैजन्म से लेकर 16 साल तक के बच्चो को पिलाए जाने का विधान है।रोज पीने से इसके गुण नजर आने लगते हैं तथा पुष्य नक्षत्र के दिन अगर इसे पिलाया जाए तो दुगुनी फलदाई यह दवा मानी गई है।बदलते मौसम में यह इम्यूनिटी बूस्टर का सा काम करती है,तो रोज पीने से त्वचा में निखार लाती है और बुद्धि को तेज करती है।उन्होंने कहा स्वस्थ मन में ही सुंदर मन का निवास होता है इसलिए ऐसी गुणकारी औषधि का अच्छी सेहत के लिए बचपन से ही किया जाना चाहिए।लोगो में जागरूकता लाने के लिए व बच्चो के स्वर्णिम स्वास्थ्य के लिए जगह जगह इसको पिलाया जाकर आयुर्वेद विभाग के चिकित्सा अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में नवाचार करते हुए इस गुणकारी औषधि का प्रचार प्रसार स्वर्णप्रशन की ड्रॉप पिलाकर कर रहे हैं और आयुर्वेद के प्रति जागरूक भी।

सैनी का विद्यार्थियों ने किया स्वागत

उदयपुरवाटी, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय उदयपुरवाटी में सांसद नरेंद्र खीचड ने विकास समिति सदस्य मनोनीत किया जाने के बाद में कमल सैनी महाविद्यालय में प्रथम बार पहुंचे प्राचार्य गोकुल चंद सैनी और छात्र छात्राओं ने स्वागत और अभिवादन किया।

सैनी ने प्राचार्य प्रो गोकुल चंद सैनी महाविद्यालय में विकास संबधित कार्यों को लेकर चर्चा की गई और प्राचार्य ने बताया कि जल्द ही भवन निर्माण पूरा होने की और अग्रसित है। अगला सत्र नव निर्माण भवन में ही संचालित किया जाएगा। सैनी ने कहा महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर जल्द ही सांसद और सरकार को अवगत करवाकर निवारण किया जाएगा। इस दौरान पार्षद तेजस छीपा एबीवीपी के नगर मंत्री राजवर्धन सिंह,कर्णवीर सिंह, विजय शर्मा, रोहित शर्मा, विजय राठी, दीपक सैनी, राहुल सैनी, नीतू सैनी आदि मौजूद रहे।

जिला स्तरीय वेट लिफ्टिंग एवं पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

श्री जगन्नाथ दीवान उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रतियोगिता शुरू हुई।

पाटन, (निसं)। कस्बे में स्थित श्री जगन्नाथ दीवान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 66 वी जिला स्तरीय वेटलिफ्टिंग एवं पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ सत्यप्रकाश ट्रेलर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया।

इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर सिंह मीणा ने आए हुए अतिथियों एवं प्रतिभाओं को माला एवं साफा पहना कर स्वागत किया। सत्य प्रकाश टेलर ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 17 वर्षीय एवं 19 वर्षीय बालक बालिकाओं के विजेता रहने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बीकानेर में आयोजित होगी। प्रतियोगिता के पहले दिन 13 टीमों के कुल 84 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मंच का संचालन राजकीय विद्यालय डोकन के प्राचार्य नवीन टांक द्वारा किया गया। इस दौरान श्रीमती जमुना देवी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मे अध्ययनरत कक्षा बारहवीं विज्ञान की छात्रा नचिता गुर्जर को जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर उसका माला एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता समारोह में पंचायत समिति प्रधान सुवालाल सैनी, पूर्व प्रधान कांता प्रसाद शर्मा, पाटन सरपंच मनोज चौधरी,शिव कुमार चौधरी, एसीबीईओ मोहर सिंह मंगावा, वार्ड पंच विपिन योगी, मुकेश खर्रा, पाटन उपसरपंच रेखा बाई, प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद मीणा,अमर सिंह मीणा, निर्मला देवी सहित कस्बे के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

दो ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया

झुंझुनूं, (निसं)। मनरेगा लोकपाल महावीर प्रसाद तोगड़िया ने जिले की दो ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। लोकपाल ने देरवाला एवं हनुमानपुरा ग्राम में सामाजिक निरीक्षण किया। इस दौरान देरवाला में ऑनलाइन हाजिरी नहीं होना (विशेषकर शनिवार, रविवार को), व्यक्तिगत कार्य मोटूराम के खेत में कुंड निर्माण का प्रदर्शन सूचना पट्ट पर नहीं होना, ग्राम पंचायत देरवाला में एक ही नरेगा कार्य चालू है। जबकि ग्राम पंचायत बड़ी है तथा स्वीकृत कार्य भी है। इसी प्रकार उन्होंने हनुमानपुरा ग्राम में नरेगा कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मस्टरोल में 33 श्रमिक पंजीकृत थे, जिसमें से 14 श्रमिक उपस्थित मिले। कार्य स्थल पर पानी की व्यवस्था नहीं थी। श्रमिकों ने मजदूरी कम आने की भी समस्या बताई। इस दौरान आईईसी समन्वयक अजीत सिंह बिजारणिया भी साथ रहे।

विजेता छात्राओं का हुआ सम्मान

प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर छात्राओं का सम्मान किया गया।

रतनगढ़, (निसं)। संचियालाल बैद राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, रतनगढ की 17 वर्षीय बैडमिंटन टीम में जिला स्तर पर उपविजेता रही साथ ही विद्यालय की चार छात्राओं का बैडमिंटन में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई। ये छात्राएं सरदार शहर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।

इसी विद्यालय की जिला स्तरीय विज्ञान मेले में पर्यावरण मॉडल पर तृतीय स्थान पर रही छात्रा खुशबू प्रजापत एवं बैडमिंटन टीम की सभी छात्राएं सोनिया सांखला, खुशबू प्रजापत, रजनी दायमा, तुलसी, पूजा सांखला, आस्था सांखला का अभिनंदन भामाशाह संतोष श्यामसखा, सीमा और ओमप्रकाश चौधरी ने प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया। संस्था प्रधान दिनेश लाटा ने कहा कि खेलों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। इस अवसर पर मनोज, नरेंद्र, महेंद्र, साधना, वंदना, अंजू चौहान, सरला, रमा खेरवाल व कमला देवी उपस्थित थी।

ग्रीन स्कूल झुंझुनूं एकेडमी का 'चिल्ड्रन डे' पर फन पिकनिक आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं इंटरनेशनल विज़्डम सिटी स्थित ग्रीन स्कूल झुंझुनू एकेडमी सीबीएसई के नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने केड शक्ति धाम का भ्रमण किया। पंडित जवाहर लाल नेहरू (चाचा नेहरू) के जन्मदिन के अवसर पर विज़्डम सिटी के प्यारे बच्चों के लिए वन डे फन पिकनिक का योजन किया गया।

स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी, यातायात प्रबंधक राजेंद्र पूनियां, उप प्राचार्य सरोज सिंह, प्रशासक कमलेश कुलहरि, हैड मिस्ट्रेस उमा शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर 20 से ज्यादा बसों को रवाना किया। बाल दिवस पर सभी बच्चों ने कुछ समय प्रकृति के बीच शांत वातावरण में बिताया। जहां सभी ने केड शक्ति धाम के दर्शन किए। सभी अध्यापकों की ओर से बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूप एवं बॉल, होला हुप, फुटबॉल, फ्रीज

पिकनिक के लिये हरी झंडी दिखाकर 20 से ज्यादा बसों को रवाना किया गया।

बी, डांस, म्यूज़िक आदि विभिन्न ऐक्टिविटी की गई। ग्रीन स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने ग्रीन परंपरा को निभाते हुए सभी मिलने वालों को ग्रीन नमस्कार किया। साथ ही वहां के पेड़-पौधों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा।

■ केड शक्ति धाम के किए दर्शन

सभी विद्यार्थियों व स्टाफ ने भ्रमण स्थल को छोड़ने से पहले सभी वेस्ट मेटिरिअल के लिए डस्ट बिन का उपयोग किया। इस अवसर पर बच्चों में उत्सव जैसा माहौल रहा।

सभी विद्यार्थियों का विद्यालय परिसर में निदेशक आकाश मोदी, प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा, वाइस प्रिंसीपल सरोज सिंह द्वारा अभिनंदन किया गया तथा जीवेम चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, जीवेम डायरेक्टर आशुतोष मोदी, जॉली एंजल्स डायरेक्टर रानू मोदी, क्रिएटिव डायरेक्टर गरिमा मोदी, जीवेम छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, हेडमिस्ट्रेस उमा शर्मा तथा स्कूल प्रशासक कमलेश कुलहरि ने सभी छात्र और छात्राओं को बाल दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।

सिरसला ग्राम में ओवरब्रिज बनाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर ऑवर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर ग्राम सभा में देहात ब्लॉक अध्यक्ष रामनिवास सहारण ने संबोधित किया।

चूरू, (कासं)। चूरू के राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित ग्राम सिरसला, बास ढाकान, ख्याली, लोहसना बड़ा के आम रास्तो से भारी संख्या में वाहनो की आवाजाही के कारण आमजन व पशुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा क्योंकि हाल ही में नेशनल हाईवे को डबल से फ़ॉर लेंन का निमार्ण कार्य प्रकियाधीन है।

इस पर ओवरब्रिज बनवाने की मांग को लेकर ग्राम सभा आयोजित की गई। जिसमें फोरलेन पर ओवरब्रिज बनाने का

■ ओवरब्रिज बनाने की मांग को लेकर सभा आयोजित

प्रस्ताव लिया। ओवरब्रिज बनाने की मांग लेकर मंगलवार को देहात ब्लॉक अध्यक्ष रामनिवास सहारण ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। दिये गये ज्ञापन में बताया कि हमारे आम रास्तो के ऊपर से ओवरब्रिज बनाया जाये ताकि गांव में जन हानि व पशुधन हानि से बचा जा सके।

इस अवसर पर ज्ञापन देने वालो में महेंद्र भाकर, दारासिंह सहारण, प्रहलाद सिंह राठौड़, अभयसिंह राठौड़, नरेश धानिया, महेन्द्र सोनगरा, रघुवीर सहारन, अमरसिंह मेघवाल, जयनारायण लुहार, भंवरसिंह गोठवाल, लीलाधर गोठवाल, षुभकरण सहारण, राजू सहारण किशोर सिंह राठौड़, विजेन्द्र हेमराज ब्राह्मण राजू सोनगरा प्रजापत, पंचायत समिति सदस्य पुरषोत्तम बिजारणिया, सुरेन्द्र बाढ़की, उम्मेद भाकर सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।